राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकरनगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को समय 11:00 बजे (पूर्वाह्न) श्री फरीद महफूज किदवई, मां0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सचिवालय, मुख्य भवन, लखनऊ स्थित कक्ष संख्या 80 में सम्पन्न हुई तृतीय बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री फरीद महफूज किदवई,<br>मां0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग, आई0ए0एस0<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्रीमती शीतल वर्मा<br>विशेष सचिव,<br>वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4 | श्री अजय कुमार सिंह<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0<br>विकास नगर, कानपुर। | सदस्य |
| 5 | प्रो0 वी0के0 सिह<br>प्रतिकुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम,<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | कुलपति प्रतिनिधि सदस्य |
| 6 | प्रो0 रघुराज सिंह,<br>निदेशक,<br>के0एन0आई0टी0, सुलतानपुर। | सदस्य |
| 7 | प्रो0 नीरज त्यागी,<br>प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद | सदस्य |

SSverma

| | | |
|---|---|---|
| 8 | श्री नागेन्द्र गोयल,<br>निदेशक,<br>बी0आई0पी0एस0,सिस्टम लिमिटेड,<br>नई दिल्ली। | सदस्य |
| 9 | प्रो0 कल्याण सिंह,<br>एच0ओ0डी0 फिजिक्स,<br>डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय<br>फैजाबाद। | सदस्य |
| 10 | प्रो0 पदमकान्त,<br>प्रोफेसर,<br>आर्गेनिक केमेस्ट्री, लखनऊ विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 11 | प्रो0 एल0एस0 यादव,<br>पूर्व निदेशक,<br>आई0ई0टी0, लखनऊ। | सदस्य |
| 12 | श्री अवध किशोर,<br>अनुसचिव<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1<br>उ0प्र0 शासन लखनऊ। | विशेष आमन्त्री |
| 13 | प्रो0 के0एस0 वर्मा,<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज<br>अम्बेडकर नगर। | सदस्य / सचिव |

अपरिहार्य कारणोवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री इन्द्रनील मन्ना<br>निदेशक,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 2 | निदेशक,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद। | सदस्य |

KSVerma

सर्व प्रथम निदेशक संस्थान एवं सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद तथा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, तदुपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**03:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त से अवगत होते हुए परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**03:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में लिए गये निर्णय पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होते हुए परिषद द्वारा निम्न निर्देश दिये गये:–

1. भविष्य में रिक्त सीटों को भरे जाने के हेतु spot counselling की कार्यवाही की जाय।
2. संस्थान परिसर का निर्माण कार्य एक माह में पूर्ण करवाकर 31 अक्टूबर 2016 भवन का हस्तान्तरण सुनिश्चित कराया जाय।
3. आपूर्तित फर्नीचर के संदर्भ में निदेशक ने बताया कि फर्नीचर पर 5 साल की गारन्टी है।
4. संस्थान के प्रतीक चिन्ह (मोनोग्राम) के लिए एक खुला कम्पटीसन आयोजित किया जाय जिसमें निफ्ट, आर्ट कालेज आदि को भी आमन्त्रित किया जाय। इसमें प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की जाय। मोनोग्राम में कौशल को भी सम्मिलित किया जाय।
5. टेकिप ।।। के लिए मार्च 2017 तक आवेदन प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।
6. नये कोर्स संचालन के प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व वर्तमान शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर पदों को भरा जाय।
7. छात्रों हेतु Communication and presentation skills बढाये जाने के प्रयास किये जाय तथा Personality development के कोर्स संचालित करवाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर में कार्यवाही की जाय।

Sharma

03:03 **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के बाद संस्थान में हुए विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक किया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.02.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक से अद्यतन शैक्षिक गतिविधियां, विकास कार्य एवं अन्य किया कलापों से अवगत हुए। संस्थान में रोपित पौधों की स्थिति अगली बैठक में सूचित किये जाने के निर्देश परिषद द्वारा दिये गये।

03:04 **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकरनगर को सम्बद्ध (Affiliated) शासकीय अनुदानित अभियन्त्रण संस्थान घोषित किये जाने को अंगीकार किये जाने पर औपचारिक अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकरनगर को सम्बद्ध (Affiliated) शासकीय अनुदानित अभियन्त्रण संस्थान घोषित किये जाने सम्बन्धी शासनादेश संख्या 15/2016/3394/सोलह–1–2016–14(28)/2010 दिनांक 26.08.2016 से अवगत होते हुए अंगीकार किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

03:05 **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकरनगर को स्वायत्तशाषी (Autonomous) संस्थान बनाये जाने के सम्बन्ध में बिचार एवं अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकरनगर को स्वायत्तशाषी (Autonomous) संस्थान बनाये जाने के सन्दर्भ में प्रस्तुत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइड लाइन से अवगत होते हुए परिषद द्वारा गाइड लाइन के अनुसार आवश्यक तैयारी किये जाने का निर्देश दिया गया। संस्थान में शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति के उपरान्त सत्र 2017–18 में (NBA) नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन/NAAC के द्वारा प्रत्यापन/ मान्यता हेतु आवेदन करने व तदुपरान्त संस्थान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सत्र 2018–19 में स्वायत्तशाषी संस्थान बनाये जाने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को आवेदन किये जाने का भी निर्देश परिषद द्वारा दिया गया।

BSerma

03:06 **संस्थान में रिक्त शैक्षिक पदों की वस्तुस्थिति व पदों को भरे जाने पर विचार व अनुमोदन ।**

संस्थान की स्थापना के 6 वर्ष में शैक्षिक पदो के अभी तक न भरे जाने पर परिषद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। सृजित शैक्षिक पदो के सापेक्ष प्रस्तुत विषयवार, पद निर्धारण व विभागवार/विषयवार आरक्षण का अनुमोदन प्रदान करते हुए परिषद द्वारा तत्काल विज्ञापन जारी करते हुए नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण किये जाने का निर्णय परिषद द्वारा दिया गया। एम0 एन0 एन0आई0टी0, इलाहाबाद द्वारा भेजे गये सुझाव की संस्थानों को प्रेषित करके उनके कमेन्ट्स प्राप्त करके शासन द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तो के अनुरूप कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये।

03:07 **संस्थान में रिक्त गैर शैक्षिक पदों की वस्तुस्थिति व पदों को भरें जाने पर विचार व अनुमोदन।**

संस्थान की स्थापना के 6 वर्ष में सृजित गैर शैक्षिक पदों को अभी तक न भरे जाने पर परिषद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। सृजित गैर शैक्षिक पदो के सापेक्ष प्रस्तुत पदवार आरक्षण का अनुमोदन प्रदान करते हुए तत्काल विज्ञापन जारी करने व नियुक्ति की प्रक्रिया नियमानुसार शीघ्र पूर्ण किये जाने का निर्देश परिषद द्वारा दिया गया।

03:08 **वित्त समिति द्वारा अनुमोदित बजट का औपचारिक अनुमोदन।**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की दिनांक 23.03.2016 को सम्पन्न वित्त समिति की बैठक में मद संख्या 16:44:09 पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकरनगर का वित्तीय वर्ष 2016–17 का बजट (छठी वित्त समिति) अनुमोदन से परिषद अवगत हुई।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए अनुमोदित बजट में संस्थान आय व शासन के अनुदान को सम्मिलित करने के पश्चात अपेक्षित अतिरिक्त धनराशि का संशोधित बजट प्रस्ताव शासन को शीघ्र प्रेषित किये जाने का निर्देश परिषद द्वारा दिया गया। जिस पर अनुमोदन प्रदान करने के लिए परिषद द्वारा अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद/मा0 मन्त्री जी प्राविधिक शिक्षा को अधिकृत किया गया। साथ ही संस्थान में कार्पस व इन्डाउमेन्ट फन्ड बनाये जाने का भी निर्देश परिषद द्वारा दिया गया।

03:09 अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| केoएसo वर्मा<br>निदेशक/सदस्य<br>सचिव<br>प्रशासकीय परिषद | मोनिका एसo गर्ग, आईoएoएस०<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उoप्रo शासन<br>एवं<br>उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद | फरीद महफूज किदवई,<br>मांo मंत्री,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उoप्रo शासन<br>एवं<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद |